I/1030904/2025

उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-8
लखनऊ : दिनांक : 19-07-2025

**अधिसूचना**

चूंकि राज्य सरकार लखनऊ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत लखनऊ महायोजना-2031 में संशोधन करने के संबंध में आपत्तियां एवं सुझाव प्राप्त करने की सूचना स्थानीय 02 समाचार पत्रों 'अमर उजाला (हिन्दी)' एवं 'द इण्डियन एक्सप्रेस (अंग्रेजी)' के संस्करण में दिनांक 16.05.2025 को प्रकाशित करायी गयी थी,

और चूँकि उपर्युक्त सूचना में विनिर्दिष्ट समय के भीतर जन सामान्य से कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुये। इसलिए समिति के गठन का औचित्य नहीं पाया गया है।

अतएव अब, उत्तर प्रदेश राष्ट्रपति अधिनियम (परिष्कारों सहित पुन: अधिनियमित)-1974 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-30 सन् 1974) द्वारा परिष्कारों सहित यथा पुन: अधिनियमित उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 (राष्ट्रपति अधिनियम संख्या-11 सन् 1973) की धारा-13 की उपधारा (2) के उपबन्धों के अधीन शक्ति का प्रयोग करके वर्तमान में प्रभावी उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास (भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली-2014 में प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार भू-स्वामी द्वारा अवस्थापना सुविधाओं का विकास जल निकासी व सीवरेज आदि की व्यवस्था व भवन निर्माण एवं विकास उपविधि, 2016 यथासंशोधित के प्राविधानानुसार पहुंच मार्ग की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने एवं प्रश्नगत भूखण्ड ले-आउट का भाग है, अत: महायोजना में संशोधन के उपरान्त ले-आउट में भी नियमानुसार संशोधन की कार्यवाही लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड द्वारा किये जाने की शर्त के साथ ही संगत शासनादेशों/नियमों के आलोक में श्री राज्यपाल, लखनऊ विकास क्षेत्रान्तर्गत लखनऊ महायोजना-2031 में अनुसूची में उल्लिखित खसरा संख्या में सम्मुख अंकित भू-प्रयोग हेतु निम्नानुसार संशोधन करते हैं:-

**अनुसूची**

| क्र0 सं0 | ग्राम /जनपद का नाम | खसरा / भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्गफिट) | लखनऊ महायोजना 2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार भू-उपयोग | परिवर्तित भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मिल रोड पर स्थित ऐशबाग इण्डिस्ट्रियल योजना, लखनऊ। | 68बी | 20,747 | औद्योगिक | मिश्रित भू-उपयोग |
| | | 68सी | 39,003 | औद्योगिक | मिश्रित भू-उपयोग |
| | | 68एफ | 19,142 | औद्योगिक | मिश्रित भू-उपयोग |
| | | 68जी | 25,243 | औद्योगिक | मिश्रित भू-उपयोग |
| | | 68जे | 20,970 | औद्योगिक | मिश्रित भू-उपयोग |
| | | 68के | 17,131 | औद्योगिक | मिश्रित भू-उपयोग |
| | | 68/6 | 50,555 | औद्योगिक | मिश्रित भू-उपयोग |
| | कुल क्षेत्रफल | | 1,92,791 वर्गफिट अथवा 1.79 हे0 | | |

Digitally signed by
(पी0 गुरुप्रसाद) PORALA
प्रमुख सचिव
Date: [illegible]2025
02:23:34

पत्रांक:I/1031576/2025दिनांक:21-07-2025

**प्रतिलिपि** संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, प्रयागराज को उक्त अधिसूचना संख्या-I/1030904/2025 (File No.:8-8099/696/2024)दिनांक 21.07.2025 की मूल प्रति इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को साधारण गजट में प्रकाशित कराते हुए 10 मुद्रित प्रतियां शासन को तथा नीचे अंकित अधिकारियों को 05-05 प्रतियां उन्हें सीधे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally signed by
SHEO PUJAN
Date: 21-07-2025
13:57:02

(शिव पूजन)
अनु सचिव।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

**प्रतिलिपि**:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ ।
2- जिलाधिकारी, लखनऊ।
3- उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
4- मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
5- निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(शिव पूजन)
अनु सचिव।